an>

Title: Need for revival of Tyre Corporation of India Limited located in 24 Pargana district of West Bengal.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, चार दिन से इंतजार के बाद आज बड़ी मुश्किल से मौका मिला, उसमें भी नंबर पीछे आया। मैं सदन का ध्यान पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के काकीनारा स्थित टायर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की हालत की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। पूरे पूर्वी भारत में एकमात्र टायर बनाने वाली कंपनी की हालत आज बेहद खराब है। करीब 120 रेगुलर कर्मचारियों और 650 कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों वाले इस कंपनी को कोलकाता हाई कोर्ट ने नवम्बर, 2013 में वाइंड अप का आदेश दिया है और इसके सारे ऑफिसों को सील कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने हाई कोर्ट को चुकाने के लिए फंड की मंजूरी भी दी है ताकि कंपनी दिवालियेपन से बाहर आ सके। इसके बावजूद वहां के सभी कर्मचारियों को बिना वजह बर्खास्त कर दिया गया है। बकाये का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है और कर्मचारियों के परिवार भूखमरी के कगार पर हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार और भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा। सरकार तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करे और सभी देनदारी का भुगतान किया जाए ताकि कंपनी वाइंडिंग अप से बच सके। मैं इस ओर भी ध्यान दिलाना चाहूंगा कि कंपनी को तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए और सभी कर्मचारियों को तुंरत काम पर वापस लिया जाए तथा उनके सभी बकाये का भुगतान अविलम्ब किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. वीरेन्द्र कुमार को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।